# ब्लू लाइन

**[स्रोत: फाइनेंशियल टाइम्स](#)**

हाल ही में **इज़राइल** और **लेबनान** के मध्य की सीमाओं पर **हिजबुल्लाह** द्वारा तीव्र हमले किये गए।

- इज़राइल और लेबनान के बीच की सीमा, जिसे "ब्लू लाइन" के रूप में जाना जाता है, वर्ष **2000** में इज़रायल द्वारा **दक्षिणी लेबनान** से अपनी सेना की वापसी के उपरांत संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित की गई थी।
  - यह कोई आधिकारिक **अंतर्राष्ट्रीय सीमा नहीं** अपितु एक **सीमांकन रेखा** है।
- मूल रूप से यह **1920 के दशक** में **लेबनान, सीरिया और फिलिस्तीन** के बीच **ब्रिटेन** तथा **फ्राँस** द्वारा स्थापित सीमा थी।
- **हिजबुल्लाह लेबनान** में स्थित एक **शिया इस्लामी राजनीतिक दल** और **आतंकवादी समूह** है। **दक्षिणी लेबनान पर इज़रायली कब्ज़े** की प्रतिक्रिया के रूप में **वर्ष 1980** में यह अस्तित्व में आया। इसे **संयुक्त राज्य अमेरिका** और **इज़रायल** सहित कई देशों द्वारा एक आतंकवादी संगठन के रूप में भी नामित किया गया है।




//

**और पढ़ें...**[इज़रायल-लेबनान: समुद्री सीमा समझौता](#)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/blue-line